माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

बोर्ड परीक्षा 2025 हेतु परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र तथा केन्द्र सामग्री डाऊनलोड एवं कन्ट्रोल रूम की स्थापना के संदर्भ में सूचना बाबत

क्रमांकः परीक्षा–1/सैल–8/2025/ **दिनांक :**

बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 हेतु उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा के प्रवेश पत्र एवं माध्यमिक/प्रवेशिका/व्यावसायिक परीक्षा के प्रवेश पत्र दिनांक .... को बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड कर दिये गये है, जिन्हें संबंधित शाला प्रधान/अग्रेषण अधिकारी उन्हें पूर्व प्रदत्त आई.डी./पासवर्ड से डाऊनलोड करके प्रवेश पत्रों की हार्ड कॉपी निकालकर उसमें मुद्रित सभी प्रविष्टियों की भली भांति जांचकर प्रमाणीकरण पश्चात् संबंधित परीक्षार्थियों को वितरित करेंगें। नियमित परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र संबंधित शाला प्रधान तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र संबंधित अग्रेषण अधिकारी (जहां से परीक्षार्थी ने आवेदन पत्र भरा है) डाऊनलोड कर सकेगें। प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाईट https://rajeduboard.rajasthan.gov.in के BOARD MAIN EXAM - 2025 के लिंक पर उपलब्ध होगें।

ऐसे परीक्षार्थी जिनका शाला से नाम पृथक (NSO), उपस्थिति न्यून, अन्य कारणों से रोका गया (DETAINED) आवेदन पत्र निरस्त (REJECT) अथवा अन्य किसी भी प्रलेख की कमी के कारण अथवा जिन शालाओं ने बोर्ड से सम्बद्वता का वार्षिक शुल्क जमा नही कराया है उनके प्रवेश पत्र अपलोड नहीं किये जायेंगे। शाला द्वारा जिन छात्रों का नाम NSO, उपस्थिति न्यून अथवा अन्य कारण से रोका जाना है/आवेदन पत्र निरस्त कर दिया गया है ऐसे छात्रों को प्रवेश पत्र वितरित नही करे यदि ऐसे प्रवेश पत्र वेबसाईट पर अपलोड हो गये है तो शाला प्रधान उपरोक्त कमियों वाले प्रवेश पत्रों को अपने स्तर पर रोककर केवल योग्य परीक्षार्थियों को ही प्रवेश पत्र वितरित करें। यदि किसी प्रवेश पत्र पर परीक्षार्थी का फोटो मुद्रित नहीं हो अथवा अस्पष्ट या त्रुटिपूर्ण हो तो शाला प्रधान/अग्रेषण अधिकारी द्वारा परीक्षार्थी का सही फोटो लगवाकर प्रमाणित कर प्रवेश पत्र परीक्षार्थी को वितरित करें तथा बोर्ड कार्यालय में इसकी सूचना प्रेषित कर संशोधन करावें। परीक्षा समाप्ति पश्चात् फोटो संशोधन पर विचार नहीं किया जायेगा। **अयोग्य परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र वितरित करने पर समस्त जिम्मेदारी संबंधित शाला प्रधान की होगी।**

<u>बोर्ड परीक्षा में केन्द्र सामग्री संबंधी अतिआवश्यक निर्देश :–</u> परीक्षा 2025 हेतु केन्द्र सामग्री यथा उपस्थिति पत्रक, बैठक व्यवस्था, नामांकों की नॉमिनल रोल, प्रश्न पत्र संख्यात्मक सारणी ऑनलाईन अपलोड की जायेगी जिसे संबंधित शालाऐं जिन्हें परीक्षा का केन्द्र बनाया गया है उनके शाला प्रधान नियुक्त केन्द्राधीक्षकों को सम्पूर्ण सामग्री मुद्रित कर अनिवार्यतः उपलब्ध कराएंगे।

<u>कंट्रोल रूम व्यवस्था :–</u> <u>बोर्ड परीक्षा 2025 के संचालन हेतु बोर्ड कार्यालय में दिनांक 01.03.2025 से प्रातः 6.00 बजे कंट्रोल रूम प्रारम्भ किया जायेगा जो दिनांक 09.04.2025 तक (24 X 7) (24 घण्टे) कार्यरत रहेगा।</u>

परीक्षा संबंधी किसी भी शिकायत हेतु नीचे दिये गये दूरभाष नम्बरों पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते है। शिकायतकर्ता अपना नाम, पता, टेलिफोन/मोबाईल नम्बर अवश्य नोट करावें। कंट्रोल रूम में दर्ज शिकायत का क्रमांक अवश्य प्राप्त करें ताकि इसी शिकायत क्रमांक से समाधान की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। परीक्षार्थियों के नामांक, केन्द्र संबंधी जानकारी बोर्ड वेबसाईट **https://rajeduboard.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

बोर्ड कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर 0145–2632866, 2632867, 2632868 पर सम्पर्क किया जा सकता है। Email ID ddexamfirst@gmail.com

सचिव

C:\USERS\GENIUS\DESKTOP\27-02-2025.DOCX

Scanned with OKEN Scanner